# कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, राजनांदगांव,(छ०ग०)

कलेक्टोरेटपरिसर, कलेक्टोरेटभवन, प्रथमतल, कक्ष क्रमांक–117
Phone :- 07744-358066 Web Site :- deorajnandgaon.cg.nic.inE -Mail :- deorjn.cg@nic.in

## !! विज्ञापन !!

क्रमांक / 956 / योजना / स्वा.आ.अ.मा.वि. / भर्ती / 2022 / राजनांदगांव दिनांक 27 / 12 / 2022

राजनांदगांव जिले में संचालित 05 स्वामी आत्मानंद शास. उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में अंग्रेजी माध्यम के विभिन्न शैक्षणिक बैकलॉग के रिक्त पदों पर संविदा नियुक्ति हेतु छ0ग0 के मूल निवासी, योग्यताधारी आवेदकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

आवेदन पत्र कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव के पते पर स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डॉक के द्वारा / कार्यालय में उपस्थित होकर कक्ष क्रमांक–108 में जमा कर सकते है। अंतिम तिथि 11.01.2023 तक अपरान्ह 05:00 बजे निर्धारित है, उसके पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।

## <u>रिक्त पदों का विवरण</u> (परिशिष्ट''अ'')

| क्र. | पद का नाम | विषय | माध्यम | पदो की संख्या | | | | | संविदा नियुक्ति की स्थिति में मानदेय | न्यूनतम योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अ.ज.जा. | अ.जा. | अ.पि.व. | अनारक्षित | योग | | |
| 1 | व्याख्याता | रसायन | हिन्दी | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 38100 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिन्दी माध्यम में संबंधित विषय में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी के साथ स्नाकोत्तर की उपाधि एवं बी.एड. प्रशिक्षित हो। |
| 2 | शिक्षक | सामाजिक विज्ञान | अंग्रेजी | 0 | 0 | 0 | 4 | 4 | 35400 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी माध्यम में संबंधित संकाय / विषय में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको के साथ स्नातक उत्तीर्ण, बी.एड.अनिवार्य हो एवं टी.ई.टी. (पूर्व माध्यमिक) उत्तीर्ण हो। |
| 3 | शिक्षक | अंग्रेजी | अंग्रेजी | 1 | 0 | 0 | 1 | 2 | 35400 | |
| 4 | शिक्षक | गणित | हिन्दी | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 35400 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिन्दी माध्यम में संबंधित संकाय / विषय में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको के साथ स्नातक उत्तीर्ण, बी.एड.अनिवार्य हो एवं टी.ई.टी. (पूर्व माध्यमिक) उत्तीर्ण हो। |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | सहायक शिक्षक | — | अंग्रेजी | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 25300 | **मान्यता प्राप्त बोर्ड से अंग्रेजी माध्यम में संबंधित संकाय में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको के साथ हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट परीक्षा उत्तीर्ण, बी.एड. /डी.एड./डी.एल.एड. एवं टी.ई.टी.(प्राथमिक) उत्तीर्ण हो।** |
| 6 | सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला | — | — | 1 | 0 | 0 | 3 | 4 | 25300 | **मान्यता प्राप्त बोर्ड से अंग्रेजी माध्यम में विज्ञान संकाय(गणित/जीवविज्ञान) न्यूनतम द्वितीय श्रेणी में हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा उत्तीर्ण हो।** |
| योग | | | | 3 | 0 | 0 | 10 | 13 | — | — |

**टीपः—** उपरोक्त विज्ञापन पूर्व में जारी विज्ञापन 02.06.2021, 03.09.2021, 25.10.2021 एवं 25.04.2022, 03.08.2022 से नियुक्ति पश्चात् रिक्त पदों को सम्मिलित किया गया है। उपरोक्त विज्ञापित बैकलॉग के रिक्त पदों में जिले के सेटअप अनुरूप 100 बिन्दु आरक्षण रोस्टर का पालन किया गया है।

## आवेदन एवं चयन प्रक्रिया के संबंध में दिशा—निर्देश :—

1. उपर्युक्त/उल्लेखित पदों हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता एवं मानदेय परिशिष्ट "अ" अनुरूप होगा।
2. संविदा मानदेय—संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एवं एक मुश्त देय होगा। इसके अतिरिक्त अन्य कोई भत्ता/सुविधा/परिलब्धियां देय नहीं होगी।
3. उक्त संविदा भर्ती के लिए आवेदक की आयु की गणना दिनांक 01.01.2022 की स्थिति में न्यूनतम आयु 21 वर्ष तथा अधिकतम 35 वर्ष अनिवार्य है। आयु की पुष्टि हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा की अंकसूची से की जाएगी। आयु सीमा में उपलब्ध छुटें छ0ग0 शासन द्वारा जारी आदेशों/निर्देशों के अधीन होगी।
4. जिला स्तरीय सेजेस समिति विज्ञापित पदों की संख्या में कमी अथवा वृद्धि कर सकेगी।
5. निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
   - I. 10वी की अंकसूची।
   - II. 12वी की अंकसूची।
   - III. स्नातक की अंकसूची।
   - IV. स्नाकोत्तर की अंकसूची।
   - V. डी.एड./डी.एल.एड./बी.एड. की अंकसूची।
   - VI. टी.ई.टी.की अंकसूची।
   - VII. मूल निवास प्रमाण पत्र।
   - VIII. जाति प्रमाण पत्र।
   - IX. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र।

6. विज्ञापित पदों पर चयन का आधार निम्नानुसार विभिन्न परीक्षा के अधिभार पश्चात्, कुल प्राप्तांक के मेरिट के आधार पर होगा।

| क्र. | पदनाम | 10वीं | 12वीं | स्नातक | स्नातकोत्तर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | व्याख्याता | – | – | 40% | 60% |
| 2 | शिक्षक | – | 40% | 60% | – |
| 3 | सहायक शिक्षक | 40% | 60% | – | – |
| 4 | सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला | 40% | 60% | – | – |

7. अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन मान्य नहीं किए जायेंगे, जिला स्तरीय चयन समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होंगे, अमान्य आवेदनों के संबंध में पृथक से कोई सूचना नहीं दी जाएगी।
8. उक्त पदों में नियुक्ति उपरांत संविदा पद से त्याग हेतु 03 माह पूर्व की सूचना या 03 माह का वेतन जमा करने के पश्चात् ही की जावेगी।
9. विज्ञापित पदों के संबंध में सम्पूर्ण कार्यवाही एवं उससे जुड़ी सारी जानकारी जिला राजनांदगांव की वेबसाईट https://rajnandgaon.nic.in के माध्यम से दी जायेगी।
10. विज्ञापित पदों पर आवेदकों का शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र शासन द्वारा मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय के अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम से पूर्ण किया जाना अनिवार्य होगा। आवेदकों को हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा से, संबंधित पद की न्यूनतम योग्यता की परीक्षा तक का अध्ययन, अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम में किया जाना आवश्यक है।
11. चयनित संविदा कर्मचारी द्वारा नियुक्ति उपरांत कदाचरण/अनुशासनहीनता में लिप्त होने पर नियुक्तिप्राधिकारी के द्वारा सुनवाई का अवसर देते हुए संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।
12. चयन प्रक्रिया का आधार प्रावीण्य सूची होगी, साक्षात्कार अथवा लिखित परीक्षा का प्रावधान नहीं होगा। अभ्यर्थियों के पात्र पाये जाने पर मेरिट के आधार पर चयन प्रक्रिया पूर्ण किया जायेगा।
13. पंजीकृत शिक्षण समिति के नियम/निर्देश सर्वमान्य एवं बाध्यकारी होगा।
14. यदि कोई पद प्रतिनियुक्ति से भर जाता है, तो इस पद पर संविदा भर्ती नहीं की जायेगी।
15. आवेदक को लिफाफे के ऊपर स्पष्ट शब्दों में आवेदित पद का नाम, विषय एवं माध्यम लिखना आवश्यक है।
16. पद पूर्णतः संविदा होंगें। कार्य व्यवहार अथवा समिति के अनुरूप कार्य नहीं पाए जाने पर किसी भी समय सेवा से पृथक किया जावेगा।
17. यदि छ0ग0 शासन के द्वारा उक्त पदों पर सीधी भर्ती से नियमित नियुक्ति की जाती है, तो केवल सूचना देकर सेवा से पृथक कर दिया जावेगा।
18. संविदा नियुक्ति सामान्य प्रशासन विभाग छ0ग0 शासन द्वारा अधिसूचित छ0ग0 सिविल सेवा संविदा नियुक्ति नियम 2012 के प्रावधान के तहत की जावेगी।

**19.**आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को आवेदक का जिला रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना आवश्यक है।

**20.**अनुसूचित जाति/जनजाति/अ.पि.वर्ग के आवेदकों को सामान्य प्रशासन विभाग छ0ग0 शासन द्वारा समय–समय पर जारी आयु–सीमा में छूट संबंधी आदेश/निर्देश लागू होंगे।

अतः अभ्यर्थी जिले के वेबसाईट https://rajnandgaon.nic.in का अवलोकन करते रहें।

27.12.22

जिला शिक्षा अधिकारी
राजनांदगांव(छ0ग0)

# संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

1. आवेदित पद का नाम :–..........................................................................
2. विषय :–........................................................................................
3. आवेदक का नाम :–.............................................................................
4. पिता / पति का नाम :–.........................................................................
5. जाति :–......................................................वर्ग :–....................................
6. जन्मतिथि अंको एवं शब्दो में :–.........................................................................

   आयु दिनांक 01.01.2022 की स्थिति में :–..............वर्ष......................माह................दिन
7. लिंग :–पुरूष ☐ महिला ☐
8. पत्र व्यवहार का संपूर्ण पता पिनकोड सहित :–...........................................................

   ..........................................................................................................................

   .......................................जिला...........................................पिनकोड.....................
9. ई–मेल आई.डी :–.........................................................................................
10. मोबाईल नंबर :–.........................................................................................
11. क्या आप छत्तीसगढ के मूल निवासी है–हाँ / नही –..........................
12. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन है–हां / नही–........................
13. शैक्षिक / व्यवसायिक योग्यता का विवरण– (आवेदित पद के लिये चाही गई अनिवार्य न्यूनतम योग्यता के अंतर्गत)

| क | परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | मान्यता प्राप्त बोर्ड / विश्वविद्यालय | विषय | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत | अध्ययन का माध्यम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 10वी | | | | | | | |
| 2 | 12वी | | | | | | | |
| 3 | स्नातक | | | | | | | |
| 4 | स्नातकोत्तर | | | | | | | |
| 5 | डी.एड. / डी.एल.एड. / बी.एड. | | | | | | | |
| 6 | टी.ई.टी. (केवल प्रधान पाठक / शिक्षक / सहायक शिक्षक पद हेतु) | | | | | | | |

(टीप–सभी आवेदक को उक्त सभी जानकारी देना आवश्यक नही है, केवल आवेदित पद के लिये अनिवार्य एवं न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता/व्यवसायिक योग्यता का विवरण देवें।)

14. संलग्न प्रमाण पत्रो की सूची आवेदक कमानुसार लिखे–

1. 10वी की अंकसूची।
2. 12वी की अंकसूची।
3. स्नातक की अंकसूची।
4. स्नाकोत्तर की अंकसूची।
5. डी.एड./डी.एल.एड./बी.एड. की अंकसूची।
6. टी.ई.टी.की अंकसूची।
7. मूलनिवास प्रमाण पत्र।
8. जाति प्रमाण पत्र।
9. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र।

सत्यापन

मै.......................................................................पिता/पति.......................................................................

प्रमाणित करता हू कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त समस्त जानकारी पूर्णतः सत्य है एवं मै आवेदित पद हेतु निर्धारित योग्यता रखता/रखती हूं। मेरे द्वारा दी गई जानकारी असत्य पाये जाने की स्थिति में मेरा आवेदन पत्र/नियुक्ति निरस्त कर मेरे विरूद्व वैधानिक कार्यवाही के लिये मै स्वयं जिम्मेदार रहूंगा/रहूंगी।

दिनांक....................................

स्थान....................................

आवेदक के हस्ताक्षर

नाम–..............................................................

पूर्ण स्थायी पता.........................................................